भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2534
उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2024

ग्राम पंचायत में इंटरनेट और वाई-फाई सुविधा

2534. श्री दामोदर अग्रवाल:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का संपूर्ण देश में प्रत्येक ग्राम पंचायत में इंटरनेट और वाई-फाई सुविधाएं उपलब्ध कराने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) भीलवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित राजस्थान की कितनी ग्राम पंचायतों में इंटरनेट और वाई-फाई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) देश में सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट परियोजना को चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित किया जा रहा है। इसके अलावा, सरकार ने भारतनेट चरण-I और चरण- II के मौजूदा नेटवर्क के उन्नयन, शेष ग्राम पंचायतों में नेटवर्क के निर्माण के लिए संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) को मंजूरी दे दी है। यह कार्यक्रम शेष गैर-ग्राम पंचायत गांवों (लगभग 3.8 लाख) को मांग के आधार पर ऑप्टिकल फाइबर (ओएफ) कनेक्टिविटी भी प्रदान करता है। कई ग्राम पंचायतों में संस्थापित उपकरण वाई-फाई सेवा को सपोर्ट करते हैं।

(ग) ग्राम पंचायतों का विवरण नीचे दिया गया है:

ब्यौरा	राजस्थान	भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र
सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतों की संख्या	8776	384
ग्राम पंचायतों की संख्या जहां इंटरनेट कनेक्शन (एफटीटीएच) प्रदान किया गया है	4750	176
एफटीटीएच कनेक्शन की संख्या जो चालू कर दिए गए हैं	49,252	1,362

*****